# मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित

मुजफ्फरपुर | हिन्दुस्तान टीम

सकरा और मुरौल प्रखंड में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस पर किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण समारोह आयोजित किया गया। उद्घाटन सकरा प्रमुख अनिल कुमार राम ने किया। बीएओ मोहितचंद पासवान ने बताया कि करीब सात सौ किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किया गया है। वहीं मुरौल में भी समारोह आयोजित कर किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर सकरा बीडीओ राहुल कुमार थे।

इधर, गायघाट प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में शनिवार को कृषि विभाग की ओर से विश्व मृदा दिवस मनाया गया। बीएओ रामनरेश मंडल ने किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया। उधर, मड़वन प्रखंड कार्यालय में भी मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर सहायक वैज्ञानिक प्रभात किरण, बीडीओ अमरेन्द्र पंडित, सीओ योगेन्द्र प्रसाद सिंह, बीएओ सर्वेन्द्र किशोर, किसान सलाहकार पप्पू चौहान, सुरेश कुमार सुमन, रेखा कुमारी, राजेश कुमार, शिवकुमार शर्मा, संजीव कुमार, चंद्रभूषण ठाकुर भी मौजूद थे। औराई प्रखंड स्थित ई किसान भवन में शनिवार को विश्व मृदा दिवस पर मिट्टी जांच प्रयोगशाला के सहायक अनुसंधान पदाधिकारी आनंद किशोर शरण ने दर्जनों किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया। बोचहां स्थित किसान भवन में विश्व मृदा दिवस पर शनिवार को 93 किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, बीस सूत्री सदस्य उपेन्द्र ठाकुर, कृषि समन्वयक सुधीर कुमार शुक्ल, कुमार गौरव, करुणेश कुमार थे। कांटी के मुस्तफापुर में विश्व मृदा दिवस पर शनिबार को किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर बीएओ आलोक कुमार थे।